**आकाशवाणी मध्यप्रदेश**

**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक : 15.01.2026** **समय : 07.10PM**

**मुख्य समाचार :-**

- **प्रधानमंत्री ने संसद में राष्ट्रमंडल देशों के स्पीकरों के 28वें सम्मेलन का किया उद्घाटन, कहा-संसद के कामकाज में अब एआई का भी इस्तेमाल ।**
- **मध्य प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र 16 फरवरी से शुरू, 12 बैठकें होंगी।**
- **मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल माखननगर दौरे पर, लाड़ली बहना योजना के तहत लाभार्थियों के खाते में राशि ट्रांसफर करेंगे।**
- **उज्जैन में महाकाल महोत्सव 2026 के दूसरे दिन 'शिवा' संगीत की प्रस्तुति ।**

**सम्मेलन**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में राष्ट्रमंडल देशों के स्पीकरों और पीठासीन अधिकारियों के 28वें सम्मेलन का उद्घाटन किया। सम्मेलन का उद्देश्य समकालीन संसदीय मुद्दों पर चर्चा और लोकतांत्रिक संस्थाओं को सशक्त बनाना है। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का भी उल्लेख किया और कहा कि अब संसद के कामकाज में भी तकनीकी नवाचार और एआई का इस्तेमाल किया जा रहा है.

**विधानसभा बजट सत्र**

मध्य प्रदेश की सोलहवीं विधानसभा का बजट सत्र 16 फरवरी से शुरू होकर 6 मार्च 2026 तक चलेगा। यह 19 दिन का सत्र होगा, जिसमें सदन की 12 बैठकें होंगी और कई महत्वपूर्ण शासकीय काम किए जाएंगे। राज्यपाल मंगुभाई पटेल द्वारा अनुमोदित अधिसूचना विधानसभा सचिवालय ने जारी कर दी है। इसके अनुसार, अशासकीय विधेयकों की सूचनाएं 4 फरवरी तक और अशासकीय संकल्पों की सूचनाएं 5 फरवरी तक जमा की जा सकती हैं।

**स्वास्थ्य मंत्री**

स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा है कि भारत के आयुष और हर्बल उत्पादों के निर्यात में छह प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने बताया कि निर्यात वर्ष 2023–24 में 64 करोड़ 90 लाख डॉलर से बढ़कर 2024-25 में 68 करोड़ 80 लाख डॉलर से अधिक हो गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की स्वास्थ्य विरासत दुनिया भर तक पहुंच रही है।

**मुख्यमंत्री उज्जैन**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज उज्जैन में भगवान बृहस्पति मंदिर में दर्शन किए और तेलीवाड़ा चौराहे पर स्थानीय लोगों से चाय पर चर्चा की। प्रवास के दौरान उन्होंने निर्माणाधीन गीता भवन का निरीक्षण किया, जो अप्रैल 2026 तक 34 करोड़ रुपए की लागत से 5.11 एकड़ में पूरा किया जाएगा।

**मुख्यमंत्री माखननगर**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल नर्मदापुरम जिले के माखननगर दौरे पर जाएंगे। वे दोपहर 1 बजे माखननगर पहुंचकर लाडली बहना योजना के तहत लाभार्थियों के बैंक खातों में राशि सीधे ट्रांसफर करेंगे। मुख्य कार्यक्रम माखननगर के सांदीपनि विद्यालय के पास खेल मैदान में होगा। इससे पहले उनका रोड शो होगा। इसके बाद मुख्यमंत्री पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस का लोकार्पण, माखनलाल प्रतिमा पर माल्यार्पण और 101 फीट के राष्ट्रीय ध्वज का अनावरण करेंगे। मुख्यमंत्री विकासखंड में लगभग 100 करोड़ रुपए के अन्य विकास कार्यों का उद्घाटन भी करेंगे.

**जैविक खेती**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में खेती को सस्टेनेबल और पर्यावरण के अनुकूल बनाने का अभियान अब किसानों के खेतों में रंग दिखा रहा है। उमरिया जिले के ग्राम कोडार निवासी बबलू पयासी अपनी मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने और अच्छी फसल पाने के लिए अब जैविक खेती अपना रहे हैं।

**कॉन्फ्रेंस**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल में आयोजित मध्यप्रदेश क्षेत्रीय एआई इम्पैक्ट कॉन्फ्रेंस-2026 का दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रदेश में एआई के माध्यम से बेहतर शासन और आर्थिक बदलाव के लिए सरकार की कार्ययोजना प्रस्तुत की। "एआई इनेबल्ड गवर्नेंस फॉर एन एम्पावर्ड भारत" विषय पर आयोजित इस कॉन्फ्रेंस का उद्देश्य एआई आधारित शासन, तकनीक और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में शिक्षा जगत और उद्योगों के बीच सहयोग बढ़ाना है।

**श्रीमहाकाल महोत्सव**

उज्जैन में चल रहे श्रीमहाकाल महोत्सव 2026 के दूसरे दिन खास सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। महोत्सव में शिव तत्व पर आधारित संगीत प्रस्तुति *शिवा* पेश की जा रही है. महोत्सव के पहले दिन प्रसिद्ध गायक शंकर महादेवन ने 'शिवोऽहम्' की भावपूर्ण प्रस्तुति दी थी, जिसने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया था. यह महोत्सव वीर भारत न्यास, विक्रमादित्य शोध पीठ और श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। महाकाल महोत्सव का उद्देश्य श्रद्धालुओं को अध्यात्म, धर्म और प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा से जोड़ना है.

**धान खरीदी**

खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि अब तक 7 लाख 40 हजार किसानों से करीब 49 लाख 87 हजार मीट्रिक टन धान खरीदा जा चुका है। यह न्यूनतम समर्थन मूल्य पर हुआ है। धान की खरीदी 20 जनवरी तक जारी रहेगी और किसानों को अब तक 8 हजार

291 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान किया जा चुका है। राज्य में धान बेचने के लिए 8 लाख 59 हजार से अधिक किसानों ने पंजीकरण कराया है और खरीदी का करीब 79 प्रतिशत धान परिवहन किया जा चुका है।

### क्रिकेट

इंदौर में भारत और न्यूज़ीलैंड के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का आखिरी मुकाबला खेला जाएगा। यह मैच 18 जनवरी को होलकर स्टेडियम में होगा, जिसके लिए दोनों टीमें आज शाम इंदौर पहुंच गई हैं। होलकर स्टेडियम बल्लेबाजों के लिए मशहूर है और यहां अक्सर हाई-स्कोरिंग मैच देखने को मिलते हैं। पहले दो मुकाबलों में दोनों टीमें 1-1 से बराबरी पर हैं, जिससे तीसरा और निर्णायक मैच बेहद रोमांचक होने वाला है।

## अमित शाह

गृहमंत्री अमित शाह ने आज गुजरात के अहमदाबाद में आदिशंकराचार्य जी की पुस्तकों के गुजराती भाषा में प्रकाशित संग्रह का विमोचन किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में श्री शाह ने कहा कि यह संग्रह डॉ. गौतम पटेल के जीवन की बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने स्वामी अखंडानंद जी के योगदान को भी याद किया। श्री शाह ने युवाओं से गुजराती में अनुवादित *विवेक चूड़ामणि* पुस्तक को कम से कम एक बार पढ़ने की अपील की।

## संक्षिप्त समाचार

- केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय भोपाल में कल और 17 जनवरी को भारतीय भाषाओं में समरूप वैज्ञानिक पारिभाषिक शब्दावली विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।
- शिवपुरी जिले में कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए आज एक जिलास्तरीय गणित–विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।
- सशस्त्र बल वेटरन्स दिवस के अवसर पर कल जबलपुर में आयोजित समारोह में पूर्व सैनिकों, वीर नारियों और उनके परिजनों को सम्मानित किया गया। वहीं झाबुआ जिले में में कलेक्टर ने भूतपूर्व सैनिकों और उनके परिजनों का सम्मान किया।
- नर्मदापुरम में आज मुख्य मकर संक्रांति पर्व पर नर्मदापुरम, हरदा, छिंदवाड़ा, भोपाल और विदिशा समेत अन्य जिलों से हजारों श्रद्धालु मां नर्मदा में आस्था की डुबकी लगाने पहुंचे।
- देवास बाल वाटिका'' नवाचार को राष्ट्रीय स्तर पर स्कॉच अवार्ड में सिल्वर श्रेणी में पुरस्कार प्रदान किया गया गया है।
- राजगढ़ में मां जालपा गौशाला संकट मोचन राजगढ़ की नवीन समिति का गठन किया जाएगा। गौशाला संचालन हेतु इच्छुक व्यक्ति, स्वयंसेवी संस्थाए 20 जनवरी तक संपर्क कर सकती है।
- धार जिले में किसानों की आय बढ़ाने और दुग्ध उत्पादन को दोगुना करने के उद्देश्य से पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा डेयरी प्लस योजना के अंतर्गत मुर्रा नस्ल की भैंसों का वितरण किया गया।
- खंडवा जिले के बलड़ी विकासखंड में रोजगार मेला कल आयोजित किया जाएगा।

---------------------------